दिनांक : 13.03.2026 समय : 07.10 PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम से किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की।
- प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति से फोन पर चर्चा कर पश्चिम एशिया में तनाव और नागरिकों की सुरक्षा पर चिंता जताई।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज ग्वालियर से लाड़ली बहना योजना की 34 वीं क़िस्त जारी की।
- केंद्र सरकार ने देश में गैस और पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार होने का भरोसा देते हुए जनता से इनके सही उपयोग की अपील की है।

**प्रधानमंत्री असम दौरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के कोकराझार में चार हजार 570 करोड रूपय की विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ और शिलान्यास किया। गुवाहाटी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बोडो प्रादेशिक परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है और इसके लिए एक हजार 500 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने तीन नई रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी में लगभग 19 हजार 680 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त के तहत 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 18 हजार 640 करोड़ रुपये ट्रांसफर किये । प्रधानमंत्री कल सिलचर में 23 हजार 550 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उन्हें राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

प्रधानमंत्री- ईरान राष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन के साथ पश्चिम एशिया की गंभीर स्थिति पर बातचीत की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने तनाव बढ़ने और नागरिकों की मृत्यु तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुचंने पर गहरी चिंता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा वस्तु और ऊर्जा का निर्बाध परिवहन भारत की उच्च प्राथमिकता बना हुआ है। उन्होंने शांति और स्थिरता के लिए ईरान की प्रतिबंद्धता व्यक्त की और संवाद तथा राजनयिक माध्यमों से समाधान का आग्रह किया।

सर्वोच्च न्यायालय

सर्वोच्च न्यायालय ने महिला विद्यार्थियों और कर्मियों के लिए मासिक धर्म अवकाश संबंधी राष्ट्रव्यापी नीति की मांग वाली जनहित याचिका पर विचार करने से आज इंकार कर दिया। न्यायालय ने कहा कि इस तरह से कोई भी उन्हें नौकरियां नहीं देगा। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि इस तरह के प्रावधान जानबूझकर महिला और पुरूषों के बीच भेद-भाव से जुडी पहले की धारणाओं को और मजबूत करेंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने कहा कि सक्षम प्राधिकरण इस पर विचार कर सकता है और सभी संबंधित पक्षों के साथ विचार विमर्श करके मासिक धर्म अवकाश पर नीति बनाने की संभावना का आकलन कर सकता है।

व्याख्यान

भोपाल स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान में आज 'सूचना का अधिकार अधिनियम, के मूल सिद्धांत' विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता, केंद्रीय सूचना आयोग के सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने आरटीआई की बारीकियों और पारदर्शिता के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रो. चन्द्र चारू त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान की प्राथमिकताओं में जवाबदेही और पारदर्शिता सर्वोपरि है। सत्र में मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के विभिन्न संस्थानों के निदेशक, कुलसचिव और आरटीआई अधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री-लाड़ली किस्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ग्वालियर जिले के घाटीगांव में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने शबरी माता मंदिर परिसर से सिंगल क्लिक के माध्यम से बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये की मासिक किस्त का सफलतापूर्वक अंतरण किया।

लाड़ली बहना योजना से आर्थिक रूप से सशक्त हुई सुनीता सेन ने मुख्यमंत्री को किया धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए 121.95 करोड़ रुपये की लागत वाले 54 विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया।

जूनियर डॉक्टर

प्रदेश सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी, जूनियर डॉक्टरों को बड़ी सौगात दी है। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर की गई यह वृद्धि 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी होगी। नए आदेश के तहत पीजी प्रथम वर्ष के डॉक्टरों का स्टाइपेंड अब बढ़कर 77,662 रुपये हो जाएगा। इसी तरह सीनियर रेजिडेंट्स को अब 90,803 रुपये मिलेंगे।

केंद्र सरकार-निर्देश

केंद्र सरकार के निर्देश के बाद आपूर्ति विभाग ने रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का बेहतर तरीके से उपयोग करने का आग्रह किया है। विभाग ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की अधिसूचना में कही गई बात का हवाला दिया जिसमें यह कहा गया है कि देश में रसोई गैस, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। हालांकि, मंत्रालय ने यह भी कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण स्थिति अस्थिर बनी हुई है। इस अनिश्चितता को देखते हुए आपूर्ति विभाग ने जनता को इन उत्पादों का सही तरीके से उपयोग करने की सलाह दी है।

**फिट इंडिया**

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया भोपाल द्वारा 14 एवं 15 मार्च को टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में दो दिवसीय फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग द्वारा कार्निवाल का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध टीवी अभिनेता अभिनव शुक्ला के साथ प्रख्यात खिलाड़ी एवं खेल हस्तियां भी उपस्थित रहेंगी, जो प्रतिभागियों के साथ संवाद कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में फिटनेस को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

मौसम- गर्मी

प्रदेश में तेज गर्मी का दौर शुरू हो चूका है । नर्मदापुरम प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहाँ तापमान 40.2 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि रतलाम और धार में भी लू की स्थिति बनी रही।हालांकि, तपती गर्मी से राहत की खबर भी है। मौसम विभाग के अनुसार, कल यानी 14 मार्च से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसके प्रभाव से 15 और 16 मार्च को ग्वालियर, जबलपुर समेत 16 जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और गरज-चमक की संभावना है।

**समाचार संक्षेप में :-**

- राजगढ़ जिले के सारंगपुर में कृषि विभाग ने पुलिस और हार्वेस्टर संचालकों के साथ बैठक कर नरवाई प्रबंधन के दिशा-निर्देश दिए।
- शिवपुरी कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी ऑयल कंपनियां एवं गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाएं।
- अशोकनगर में किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया।
- सीहोर के जिला पंचायत सभाकक्ष में कल 14 मार्च को जिला विकास एवं समन्वय समिति "दिशा" की बैठक आयोजित की जाएगी।
- खंडवा और आगरमालवा जिले में कल 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसके लिए खंडपीठों का गठन किया गया है।

- बैतूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज जिला पंचायत के सभा कक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

....................................